Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding request to restart concession provided to the Journalists which was stopped during Covid-19 pandemic.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति महोदय, पत्रकार दिन-रात अपने घर-परिवार से दूर रहकर अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हैं। कोविड काल के समय जब पूरा देश लॉकडाउन में था, तब भी इन पत्रकारों ने अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए देश भर के लोगों को जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और सदैव अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहे, जबकि देश में बहुत सारे पत्रकार कोविड महामारी के शिकार भी हुए। महोदय, कोविड काल से पहले देश में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को लम्बी दूरी तथा एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में यात्रा करने के लिए किराये में 50 प्रतिशत की छूट मिलती थी और पत्रकार अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते थे। लेकिन कोविड के समय में रेलगाड़ियों के बंद होने और बाद में पत्रकारों को रेलवे किराये में दी जाने वाली 50 प्रतिशत की छूट को भी बंद कर दिया गया है। देश में कोविड की स्थिति सामान्य हो चुकी है और सभी रेलगाड़ियाँ पूर्ववत चलने लगी हैं, लेकिन पत्रकारों को रेलवे किराये में मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट बंद हो चुकी है।

मैं आपके माध्यम से खासकर रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि पत्रकारों को जो 50 प्रतिशत की छूट बंद की है, उसे फिर से चालू करने की मांग करता हूं। धन्यवाद।

माननीय सभापति : श्री अजय निषाद जी – उपस्थित नहीं।

श्री जयंत सिन्हा जी।